आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311


# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 26 लखनऊ, शुक्रवार 14 अक्टूबर 2022 से 20 अक्टूबर 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## योगी कैबिनेट बैठक में ३० प्रस्तावों पर लगी मुहर, इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी


लखनऊ। इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ाने और इको–फ्रेंडली ऐसे वाहनों को प्रचलन में लाने के उदेश्य से राज्य सरकार ने ग्राहकों के लिए एक खास दिवाली–गिफ्ट तैयार किया है। राज्य मंत्रिमंडल ने उप्र. इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी दी है। इसके तहत राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर ग्राहकों को भारी छूट मिलेगी। राज्य में इलेक्ट्रिक कार खरीदने वाले ग्राहकों को एक लाख रुपये तक की छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लखनऊ स्िकात लोकभवन में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें नई इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति–२०२२ के साथ कुल ३० प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है। कैबिनेट मंत्री स्वलतंत्रदेव सिंह, सुरेश खन्ना, धर्मपाल सिंह और सूर्यप्रताप शाही ने बैठक के बाद बताया कि मौसम और बाढ़ से परेशान किसानों के हित में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट ने नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण और गतिशीलता नीति–२०२२ को मंजूरी देते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर न केवल सब्सिडी देने का फैसला लिया बल्कि इसके तहत प्रदेश में ३० हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य भी रखा। ऐसे में इस नीति से १ लाख व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रूप से और ५ लाख व्यक्तियों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर बनेंगे। उप्र. में



खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहनों के फैक्ट्री मूल्य पर १५ प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इसमें पहले दो लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री पर ५ हजार रुपये प्रति वाहन, पहले ५०,००० इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों की बिक्री पर अधिकतम १२,००० रुपये तक, और पहले २५,००० इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों के लिए प्रति वाहन पर एक लाख रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी। कैबिनेट ब्रीफिंग में बताया गया कि नीति लागू होने के तीन साल के अंदर प्रदेश में खरीदे गये और रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक वाहनों के क्रय व पंजीकरण पर १०० प्रतिशत की दर से छूट मिलेगी। अगर इलेक्ट्रिक वाहन का निर्माण राज्य में किया गया है तो यह छूट चौथे और पांचवे साल में भी मिलेगी। सरकारी कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए राज्य सरकार एडवांस लेने की भी सुविध्ाा देगी। राज्य सरकार की इस नीति का मकसद न सिर्फ राज्य में एक इको–फ्रेंडली परिवहन सिस्टम का विकास करना है बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी और संबंध्ाित उपकरणों के मैन्युफेक्चरिंग के लिए प्रदेश को एक वैश्विक केंद्र भी बनाना है। इलेक्ट्रिक वाहन नीति–२०२२ में त्रिआयामी प्रोत्साहन व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदारी के साथ–साथ ऐसे वाहनों के निर्माण, चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग सिस्टम निर्माण के लिए सुविधाएं दी गई हैं। नीति के तहत न्यूनतम पहली दो अल्ट्रा मेगा बैटरी परियोजनाओं के लिए अधिकतम १,००० करोड़ रुपये प्रति परियोजना के निवेश पर ३ प्रतिशत की दर से पूंजीगत सब्सिडी दी जाएगी।

## हिमाचल प्रदेश को देंगे दिवाली का तौहफा, होगा कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। दिवाली से पहले पीएम मोदी हिमाचल को कई सौगाते भी देंगे। पीएम राज्य के ऊना में ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन से वंदे भारत



एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पीएम मोदी हेलीकाप्टर से ६ बजे ऊना के पुलिस लाइन झालेड़ा पहुंचेंगे। इसके बाद वे सीधे ऊना रेलवे स्टेशन जाएंगे और वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल प्रदेश की काया को भी पलटने के लिए अग्रसर है। ऐसे में पीएम मोदी आईआईआईटी ऊना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यहां पीएम मोदी पहले बल्क ड्रग पार्क, हरोली, ऊना–हमीरपुर नई रेलवे लाइन का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। ऊना में प्रधानमंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद एक सार्वजनिक समारोह में प्रधानमंत्री प्प्प्ज् ऊना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और ऊना में बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखेंगेरू पीएम मोदी चंबा में दो पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और हिमाचल प्रदेश में ग्राम सड़क योजना (पीएम जीएस वाई)–।।। का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद पीएम दोपहर १२ बजे चौगान में कई परियोजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन करेंगे। यहां वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में एक जनवरी २०२३ तक पटाखों के भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति यू यू ललित तथा न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने वाले अधिवक्ता से मामले को लेकर हाई कोर्ट जाने के लिए कहा। पीठ ने कहा, हाई कोर्ट को निर्णय करने दीजिये, हम इसमें नहीं पड़ेंगे। मामले की त्वरित सुनवाई का अनुरोध करने वाले अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि हाई कोर्ट ने विचार किया है कि मामला शीर्ष न्यायालय के समक्ष लंबित है और इसे १८ अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध किया गया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने इससे पहले हरित पटाखा व्यापारियों की याचिका पर सुनवाई एक जनवरी तक के लिए टाल दी थी। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी द्वारा पूर्ण प्रतिबंध उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अध्िाकरण के आदेशों का उल्लंघन है, जिन्होंने कभी भी इस तरह के व्यापक प्रतिबंध की व्यवस्था नहीं दी है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण



पर काबू के लिए सभी प्रकार के पटाखों के भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले दिल्ली सरकार के आदेश पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि वह वायु प्रदूषण में वृद्धि नहीं करना चाहती है। पिछले साल शीर्ष न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। केवल उन पटाखों की मनाही होगी, जिसमें 'बेरियम साल्ट' की मात्रा होगी।

## यूपी में २१ अक्टूबर को मुलायम की श्रद्धांजलि सभा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की ओर से सपा संरक्षक तथा यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की २१ अक्टूबर को पूरे प्रदेश में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की




जाएगी। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पार्टी के पदाध्िाकारियों को निर्देश जारी किया है। नरेश उत्तम ने सभी जिघ्ला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष और पदाध्िाकारियों को पत्र लिखकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित करने को कहा है। २१ अक्टूबर को एक साथ यूपी के सभी जिलों में इसका आयोजन होगा। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव का सोमवार को गुरुग्राम (हरियाणा) स्थित मेदांता अस्पताल में निधन हुआ था। वह ८२ वर्ष के थे। सोमवार की शाम उनके अंतिम दर्शन के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए थे। वहीं मंगलवार की सुबह से सैफई ग्राउंड में पंडाल में पार्थिव शरीर पहुंचने पर अंतिम दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा। यहां देश की राजनीति से जुड़े वरिष्ठ नेता, फिल्मी जगत की हस्तियां समेत उद्योगपति भी अंतिम दर्शन करने पहुंचे और नेताजी की अंत्येष्टि में शामिल हुए।

## यूपी पॉलिटेक्निक में बढ़ाई सीटें, छात्रों को राहत

लखनऊ। प्राविधिक शिक्षा के संस्थानों में पलिटेक्निक में प्रवेश के लिए सीटें ४८८०३ को बढ़ाकर ४८८३६ कर दिया गया है। इसके लिए संस्थानवार सीटों का ब्यौरा




जारी कर दिया गया है। सरकारी व एडेड पॉलिटेक्निक में अब ४३७२५ सीटें होंगी। वहीं एडेड पलिटेक्निक में स्ववित्त पोषित योजना के तहत १६३७ और दूसरी पाली में २५४२ और पीपीपी मोड में संचालित संस्थानों में ६०० सीटें होंगी।


# सम्पादकीय

## भड़काऊ बयानबाजी पर अंकुश लगाने की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने सटीक बात कही है। अदालत ने कहा कि देश का माहौल हेट स्पीच (नफरत भरी बातों) के कारण खराब हो रहा है। ऐसी भड़काऊ बयानबाजी पर अंकुश लगाने की जरूरत है। यह टिप्पणी भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित ने उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अल्पसंख्यकों का नरसंहार करने और भारत को २०२४ के चुनाव के पहले हिंदू राष्ट्र बनाने जैसे नफरत भरे भाषण दिए जा रहे हैं। इस आरोप से जस्टिस ललित और जस्टिस एस रवींद्र भट की बेंच सहमति जताई। कहा– नफरत भरे भाषणों के कारण पूरा माहोल खराब हो रहा है। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि कुछ राजनीतिक दलों द्वारा नफरती भरे भाषणों को "लाभदायक व्यवसाय" में बदल दिया गया है और सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पीठ ने कहा कि नफरत भरे भाषणों के ५८ मामले उसके सामने आए हैं। इसलिए अदालत को एक अस्पष्ट विचार देने के बजाय, याचिकाकर्ता इनकी ठोस स्थिति की जानकारी कोर्ट के सामने रखनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे मामलों में संज्ञान लेने के लिए अदालत को तथ्यों की जरूरत है। कानून के अपने तकाजे होते हैं, इसलिए मुख्य न्यायाधीश की बातों से सहमति जताई जा सकती है। मगर ऐसे भाषण आज इतने आम और रोजमर्रा की बात हो गए हैं कि उनके बारे में तथ्य जुटाना कोई मुश्किल काम नहीं है। सवाल यह है कि ऐसे मामलों में न्यायपालिका किस हद तक जा सकती है। अगर ये धारणा बन गई हो कि ये सारा प्रोजेक्ट सत्ता के संरक्षण में चलाया जा रहा है, तो फिर इसका क्या समाधान होगा, इसे सोच पाना आसान नहीं है। बहरहाल, खास घटनाओं में अवश्य ही न्यायपालिका जल्द सुनवाई कर और उचित सजा देकर मिसाल कायम कर सकती है। इस लिहाज से यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और उत्तराखंड की सरकारों को दो अलग–अलग विवादित धार्मिक आयोजनों के मामले में उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

# नवंबर से सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग की पढ़ाई

लखनऊ। यूपी नर्सिंग के क्षेत्र में देश में नए गंतव्य के रूप में उभर रहा है। योगी सरकार ने नर्सिंग क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन किया है। शिक्षा की गुणवत्ता से लेकर शैक्षणिक संस्थानों में भी इजाफा किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर पहले चरण में नवंबर से ११ और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बीएससी नर्सिंगकी पढ़ाई शुरू होने वाली है। साथ ही शेष अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अगले सत्र से नर्सिंग की पढ़ाई होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिछले कार्यकाल में मेडिकल कॉलेजों के विस्तारीकरण के बाद अब नर्सिंग और पैरा मेडिकल कर्मियों की कमी को पूरा करने की योजना परवान चढ़ रही है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। साथ ही देश में नर्सिंग हब के रूप में उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनेगी। पहले चरण में प्रदेश के ११ जिलों जालौन, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, बदायूं, बांदा, आजमगढ़, अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद और शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में नवंबर से पढ़ाई शुरू होगी। इसके लिए मेडिकल कलेजों में पीपीपी मोड पर बिल्डिंग बनेगी। जब तक बिल्डिंग बनेगी, तब तक सरकारी मेडिकल कॉलेजों



के भवनों में ही नर्सिंग की पढ़ाई होगी। अटल बिहारी विश्वविद्यालय लखनऊ और निदेशालय की ओर से छात्रों के प्रवेश के लिए काउंसिलिंग चल रही है। चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि छात्रों को पढ़ाने के लिए प्रोफेसर सहित अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी होने वाली है। प्रधानाचार्य कम प्रोफेसर, वाइस प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, सह आचार्य, सहायक आचार्य और ट्यूटर के पदों पर भर्ती के लिए महानिदेशालय ने विज्ञापन जारी किया है, जिसमें करीब एक हजार आवेदन आए हैं। इन पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही साक्षात्कार और लिखित परीक्षा के माध्यम से चल रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से २४ मेडिकल कॉलेजों में स्किल लैब की स्थापना के लिए १८.६६ करोड़ रुपए की धनराशि से आवश्यक उपकरण, पुस्तक, कम्प्यूटर आदि की खरीद की जा रही है। योगी सरकार ने वर्ष २०२१–२२ में सात नए बीएससी नर्सिंग कलेज राजकीय मेडिकल कालेजों में खोले हैं। इससे पहले आजादी से लेकर अब तक प्रदेश में राजकीय क्षेत्र में मात्र पांच बीएससी नर्सिंग कालेज थे, जो कि इस वर्ष सात नए कालेज खुलने के कारण १२ हो गए हैं। ११ और नर्सिंग कालेजों में शिक्षण कार्य शुरू होने से अब संख्या २३ हो जाएगी।

## वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में तेजी के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक मंत्रिसमूह को बुधवार को निर्देश दिया कि वह हाल में अत्यधिक वर्षा के कारण प्रभावित हुए राज्य के क्षेत्रों का तत्काल दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी सुनिश्चित करे। एक सरकारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रदेश में अत्यधिक बारिश के कारण पैदा हुई परिस्थितियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तीय बैठक की। इसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से प्रभावित सभी जिलों में राहत एवं पुनर्वास कार्य तेज करने और जिला नियंत्रण कक्षों को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए। आदित्यनाथ ने कहा कि विगत कुछ दिनों में अत्यधिक बरसात से जनजीवन, पशुधन एवं खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और कई जिलों में जन–धन की हानि की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी प्रभावित लोगों



की सुरक्षा और भरण–पोषण के लिए आवश्यक प्रबंध करने को प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को तत्काल मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व और ृषि विभाग के दलों को निर्देश दिया कि वे बारिश से खेती को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण करें, ताकि किसानों को सहायता दी जा सके। राहत आयुक्त कार्यालय से मंगलवार को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के १८ जिलों के १,३७० गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इनमें बलरामपुर के सबसे ज्यादा २८७ गांव शामिल हैं। इसके अलावा सिद्धार्थनगर के १२६, गोरखपुर के १२०, श्रावस्ती के ११४, गोण्डा के ११०, बहराइच के १०२, लखीमपुर खीरी के ८६ और बाराबंकी के ८२ गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार, प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण हुए हादसों से तीन और बिजली गिरने, सर्पदंश एवं डूबने से एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है।

## त्योहारों के मद्देनजर अस्पतालों में बढ़ाएं सावधानी : बृजेश पाठक

लखनऊ। त्योहार में भीड़–भाड़ बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में कोविड व स्वाइन फ्लू (भ्छ१ इन्फ्लूएंजा) जैसे संक्रमण से बचने के लिए सावधानी बरतें। सरकारी अस्पताल तैयार रहें। अस्पतालों में कोविड, स्वाइन फ्लू और डेंगू मरीजों की भर्ती की व्यवस्था चाक चौबंद रखें। जरूरी दवा व जांच के इंतजाम में भी पुख्ता करें। यह निर्देश उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्रदेश भर के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दिए। बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सभी अधिकारियों को संचारी रोगों से बचाव के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में दीपावली, छठ पूजा इत्यादि प्रदेश भर में मनाये जायेंगे। इसमें भीड़–भाड़ होने के कारण विभिन्न संचारी रोगों के साथ कोविड संक्रमण के रोगियों की संख्या में वृद्धि की संभावना है। लिहाजा जन सामान्य में विभिन्न



संचारी कोविड के संक्रमण को रोकने सावधानी बरतें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि टीबी को खत्म करने के लिए मरीजों को गोद लें। इसमें जिलाधिकारी सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं तथा व्यापारियों से टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें। ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने में कामयाबी मिल सके। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों का नोटीफिकेशन बढ़ाएं। कन्टैक्ट ट्रेसिंग कोरोना की भांति करें। टीबी मरीजों की पहचान के लिए मलिन बस्तियों में कैंप लगाएं। मरीज के घर में जाकर स्क्रीनिंग करें। निक्षय पोषण योजना बढ़ाएं। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि वर्तमान में २ लाख ८६ हजार टीबी मरीज इलाज करा रहे हैं। इनमें से २ लाख ४४ हजार मरीजों ने गोद लेने की अपनी सहमति दे दी है। अब तक ६०६६३ टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है। १८३६४१ मरीजों को गोद लिया जाना बाकी है।

## राशन कार्ड सत्यापन को एक महीने तक चलेगा अभियान

लखनऊ। राजधानी के ७.६१ लाख राशनकार्डो का सत्यापन होगा। एक माह तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चलने वाले सत्यापन व जांच के दौरान अपात्र कार्डधारकों के राशन कार्ड निरस्त होंगे। वहीं पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जाएगा। यानी नए लाभार्थियों के राशनकार्ड बनाए जाएंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निधारित मानको के अनुसार पात्रों को अंत्योदय व पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशनकार्ड जारी किए गए हैं। अधिनियम का उद्देश्य गरीब परिवारों को ही इस योजना में चयनित कर लाभ देना है। डीएसओ ने बताया कि अगर किसी कार्डधारक की मृत्यु हो गई है। या उनकी आर्थिक स्थिति में अच्छी हो गई। बच्चों को नौकरी मिल गई। कारोबार बढ़ा लिया है। इनकम टैक्स के दायरे में आ गये हैं। ऐसी ही अन्य स्थितियों में कार्डधारकों अपात्र हो सकते हैं। सत्यापन के लिए टीमों का गठन किया गया है।

## लोहिया छात्रावास का भोजनालय बंद, छात्रों ने किया प्रदर्शन

लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में छात्रावास का मेस (भोजनालय) करीब २५ दिनों से बन्द है। मंगलवार को मेस चालू कराने के लिए करीब ३०० मेडिकल छात्रों ने प्रशासनिक भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। तो वहीं मेडिकल कालेज प्रशासन बच्चों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। छात्रों का आरोप है कि उन्हें होस्टल का मेस बन्द होने से मेडिकल स्टूडेंट्स सड़क पर खाना खाने को मजबूर है। तो कुछ लोग भूखे पेट बच्चे कालेज और वार्ड में काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि, चाय नाश्ता और भोजन के लिए एप्रन पहन कर बाहर निकलने पर सिविलियन भी तंज कसते है। और बाहर जाने पर छिटपुट विवाद भी होता है। तो वहीं करीब एक हफ्ता पहले चाय पीने गए मेडिकल स्टूडेंट्स से बाहरी लोगों ने मारपीट भी की थी।

# घर में घुसे बदमाशों ने रिटायर्ड महिला बैंककर्मी को मारी गोली

लखनऊ। राजधानी के कृष्णानगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत भोला खेड़ा मंगलवार की सुबह उस वक्त दशहत के साथ अफरा–तफरी मच गयी। जब घर में घुसे बदमाशों ने एक रिटायर्ड महिला बैंककर्मी पर कई राउड फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी। इस वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी घटनास्थल से भाग निकले। मृतका के परिजनों ने जेल में बंद कुख्यात अपराधी ललित सोनकर पर हत्या करवाने का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। इसके बाद मामले की तफ्तीश में जुट गई है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी आलोक कुमार राय ने बताया कि शूटरों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही इस हत्याकांड का पर्दाफाश किया जाएगा। कृष्णानगर थानाक्षेत्र के भोलाखेड़ा निवासी सौजन्य सक्सेना ने बताया कि मंगलवार तड़के उन्हें सूचना मिली कि उसके घर में घुसे तीन बदमाशों ने उनकी बुआ मुधबाला (७०) की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उन्होंने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतका के परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा दिया। पुलिस की मानें तो मृतका के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट होगा कि महिला की हत्या गोली या कोई भारी वस्तु मारकर की गई है। मृतका के परिजनों ने अमीनाबाद के कुख्यात अपराधी व हिस्ट्रीशीटर पर ललित सोनकर पर हत्या करवाने का आरोप लगाया है। पड़ताल में सामने आया कि ललित का मृतका के भतीजे सौजन्य से



पुराना विवाद चल रहा है। लेन–देने को लेकर कई बार उनके बीच मारपीट भी हो चुकी है। आरोप है कि पहले भी ललित सौजन्य पर जानलेवा हमला कर चुका है। इस मामले में मानकनगर कोतवाली में ललित के खिलाफ सौजन्य ने मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस की मानें, मधुबाला सौजन्य की बुआ थी और सौजन्य पत्नी के साथ उन्हीं के साथ घर में रहता है। मृतका ओरियंटल बैंक अफ कमर्स से रिटायर्ड हो चुकी थी। सौजन्य की पत्नी मुस्कान ने बताया कि बीती रात वह अपने कमरे में सो रही थी। तभी बुआ के कमरे से चीखने की आवाज आई। वह फौरन कमरे की तरफ दौड़ी तो तीन लोग उनकी बुआ के कमरे से बाहर जाने दिखी। जब वह शोर मचाने लगी तो बदमाशों ने जाते वक्त मुस्कान को भी जान से मारने की धमकी दे ड़ाली। इस हत्याकांड के सम्बन्ध में एसीपी ष्णानगर विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि हत्यारोपियों की तलाश में पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं। घटनास्थल के आस–पास मोहल्ले में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहा है। इस हत्याकांड पीछे लेन–देन समेत परिवारिक रंजिश और पुराने रिश्तों के बिंदु पर पड़ताल की जा रही है। गौरतलब है कि बीते १७ मई को हिस्ट्रीशीटर ललित सोनकर के गुर्गों ने सिंगारनगर में मृतका के भतीजे सौजन्य पर जानलेवा हमला किया था। लेने–देने के विवाद में बदमाशों ने सौजन्य पर गोली चलाई थी। हालांकि, उस वक्त सौजन्य के कंधे पर गोली लग गई थी। पुलिस की मानें तो, हीवेट रोड निवासी ललित सोनकर अमीनाबाद कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। सौजन्य ने जनवरी में उसके खिलाफ धमकी देना का मुकदमा दर्ज कराया था।

# जाली करेंसी के सप्लायर बदमाश को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

लखनऊ। राजधानी पुलिस ने क्राइम ब्रांच के सहयोग से जाली करेंसी के सप्लायर व ५० हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सप्लायर लोगों को चार गुना रुपये देने का झांसा देकर उन्हें जाली करेंसी थमा देता था। जब पीड़ितों को जाली करेंसी का पता चला और वह विरोध करते तो सप्लायर उन्हें अंडर वर्ल्ड की धकमी देकर चुप करा देता। पुलिस की गिरफ्त में आया जाली करेंसी सप्लायर कानपुर देहात के गुजैनी का निवासी है। क्राइम ब्रांच प्रभारी सतीश चंद्र साहू के मुताबिक, एटीएस से सूचना मिली थी कि एक गिरोह जाली करेंसी उपलब्ध कराने का लालच देकर लोगों के रुपये चार गुना करने का झांसा देकर लूट और ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। इसके बाद टीम ने मुखबिर तंत्र की मदद से जाली करेंसी सप्लायर अवनेंद्र को गिरफ्तार किया। पड़ताल के दौरान पता चला कि सप्लायर झांसा देने के लिए वह नोट के आकार का कागज लेकर उसको ड्राइ से नोट की तरह प्रिंट करता था। जिसके बाद वह चार गुना रकम के लालच में पैसा लेकर आने वाले लोगों को जाली करेंसी थमा देता था। अगर किसी को जाली करेंसी की जानकारी होती तो वह उन लोगों को अंडर वर्ल्ड की धमकी देकर मुंह बंद करा देता था। इस सम्बन्ध में डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह ने बताया कि सप्लायर की पहचान कानपुर देहात के गुजैनी निवासी अवनेंद्र मिश्र के रूप में की गई है। वह रकम चार गुना करने के नाम पर लोगों के नकली देकर उनसे असली नोट हड़प लेता था। वह गौतमबुद्धनगर के थाना विसरख के अरिहंत अपार्टमेंट में पहचान छिपाकर रह रहा था। करीब ११ महीने से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर सोमवार देर रात पुलिस ने पकड़ा। उन्होंने बताया कि २६ अक्टूबर २०२१ को एटीएस ने गोमतीनगर कोतवाली में अवनेंद्र मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। इसके साथ ही दो लोगों को ४५ लाख की जाली करेंसी के साथ गिरफ्तार किया था। पकड़े गए लोगों की निशानदेही पर अवनेंद्र का नाम प्रकाश में आया था। पूछताछ में अवनेंद्र ने बताया कि साल २०१३ से वह गिरोह बना प्रदेश नहीं बल्कि मध्म प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, बिहार समेत महाराष्ट्र में जाली करेंसी का कारोबार करता है।

# व्यापार मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को कोर्ट ने आपराधिक मुकदमे से किया बरी

लखनऊ। राजधानी की एक स्थानीय अदालत ने बड़े व्यापारी नेता और पूर्व एमएलसी बनवारी लाल कंछल को बाड़ई राहत देते हुए, उन्हें आपराधिक मुकदमे से बरी कर दिया है। मामला परिवर्तन चौक पर बिना अनुमति सरकार का पुतला फूंकने से सम्बंधित है। मामले में अभियुक्त तत्कालीन एमएलसी व



व्यापार मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को साक्ष्य के अभाव में एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने बरी किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अभियोजन पक्ष ऐसे किसी भी साक्षी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सका जिससे आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को बाल मिल सके। अदालत ने कहा कि अभियोजन अपराध को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा है, ऐसी स्थिति में बनवारी लाल कंछल को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया जाना ही उचित होगा। अदालती पत्रवली के अनुसार हजरतगंज कोतवाली में दरोगा अजय कुमार त्यागी ने १३ जुलाई २००३ को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने सहयोगियों के साथ परिवर्तन चौक पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान एक एम्बेसडर कार जिस पर महामंत्री समाजवादी पार्टी का बोर्ड लगा था तथा उसके साथ १०–१२ लोग मोटर साइकिलों से परिवर्तन चौराहे पर पहुँच गए। आरोप लगाया गया कि कार में बैठे एमएलसी बनवारी लाल कंछल ने अपने तीन–चार साथियों की मदद से कार में से एक पुतला निकाला व उसमें आग लगा दी और इसके पश्चात सरकार व प्रशासन विरोधी नारेबाजी करते हुए भाग गए।

# चोरी के झूठे मामले में फंसाने वाले दरोगा के खिलाफ कोर्ट ने दिया कार्रवाई के आदेश

लखनऊ। व्यक्ति के जेल में बंद रहने के दौरान उसको चोरी के मामले में फंसाने की कोशिश करने वाले दरोगा मोहम्मद अफजल के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का आदेश जनपद न्यायाधीश संजय शेखर पांडे ने पुलिस कमिश्नर लखनऊ को दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेश की प्रति भी कमिश्नर को भेजे जाने का आदेश दिया है। अदालत ने विवेचक मोहम्मद अफजल के द्वारा की जा रही पुलिस कार्रवाई को देखते हुए कथित आरोपी मनीष सोनी को अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश देते हुए कहा है कि यदि उसे गिरफ्तार किया जाता है तो वह सम्बंधित थानाध्यक्ष के समक्ष ३० हजार रुपए की दो जमानतें एवं स्वंय का बंध पत्र दाखिल करेगा। कथित आरोपी मनीष सोनी ने थाना पारा के एक चोरी के मामले में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था। जिसकी रिपोर्ट ३१ जनवरी २०२२ को राहुल कुमार द्वारा पारा थाने में लिखाई गई थी। इस मामले में विवेचक ने ६ सितंबर २०२२ को दूसरे अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र पेश करते हुए विवेचना समाप्त कर दी थी। कोर्ट के समक्ष मनीष सोनी की ओर से बहस करते हुए कहा गया है कि जिस मामले में विवेचक उसे गिरफ्तार करना चाह रहे हैं वह घटना ३१ जनवरी २०२२ की है जबकि इसके पहले से वह १५ जनवरी २०२२ से लेकर ८ मार्च २०२२ तक मोहनलालगंज थाने के पांच मामलों में जेल में बंद था। अदालत के समक्ष घटना के समय जेल में बंद होने के साक्ष्य एवं तथ्य भी प्रस्तुत किया गया। डीजीसी क्रिमिनल मनोज त्रिपाठी को सुनने के बाद जनपद न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा है कि जब थाना पारा के उक्त अपराध की विवेचना पूर्णरूप से समाप्त की जा चुकी थी। तब इस मामले में किसी भी विवेचना के लंबित न रहते हुए विवेचक मोहम्मद अफजल किस आधार पर आवेदक को गिरफ्तार करना चाह रहे हैं। अदालत ने विवेचक के इस कृत्य को गैर जिम्मेदाराना एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही करार देते हुए कहा कि ऐसे विवेचना अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

# बीबीएयू लखनऊ में यूजी में प्रवेश के लिए काउंसलिंग शुरू

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में स्नातक कोर्स (यूजी) में प्रवेश के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सभी उम्मीदवार जिन्होंने यूजी. कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन किया है वे समर्थ पोर्टल और बीबीएयू वेबसाइट पर प्रवेश के लिए अपनी मेरिट देख सकते हैं। वे सभी उम्मीदवार जो मेरिट में हैं, वे अपने अपने कोर्स में सीटों की उपलब्ध्ता के आधार पर, समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपनी फीस जमा कर सकते हैं। फीस जमा करने की अंतिम तिथि १६ अक्टूबर है। दाखिले के लिए आवेदकों को १६ अक्टूबर तक या उससे पहले अपनी फीस जमा करना अनिवार्य होगा। रिक्त सीटों का विवरण १७ अक्टूबर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा, इसके बाद दूसरे चरण की काउंसलिंग होगी। काउंसलिंग कई राउंड में आयोजित की जाएगी और वे उम्मीदवार जिन्होंने काउंसलिंग में पहले स्लट में सीटें हासिल नहीं की हैं, वे दूसरे और बाद की काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं। दाखिले से जुड़ी सभी जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदकों को नियमित रूप से विवि की वेबसाइट **http://www-bbau-ac-inij** विजिट करना महत्वपूर्ण है। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी के लिए आवेदक हेल्पडेस्क नंबर ७७०५००५८४४ और १८००१८०५७८६ पर संपर्क कर सकते हैं। अथवा इस ईमेल आईडी ंउब/हउपस.बवउ पर मेल के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। परास्नातक कोर्स (पीजी) के लिए पोर्टल पंजीकरण भी १५ अक्टूबर तक होगा।

# प्रतिभा कितनी भी ऊंची हो पर मां बाप से ऊपर नहीं : राज्यपाल

लखनऊ। राजधानी के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) का २७वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक, राज्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह और मुख्य सचिव, दुर्गा शंकर मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मद्रास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एसपी त्यागराजन ने मेडल और डिग्री पाने वाले युवा डक्टरों का हौसला बढ़ाया। समारोह में डीएम, एमसीएच, पीडीएफ, पीएचडी, एमडी, पीडीसीसी जैसे कोर्स में अच्छा प्रदर्शन करने वाले २१५ छात्र हुये पुरस्ेंत किए गये और साथ में तीन शिक्षकों को भी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने युवा डक्टरों से कहा कि देश भर में बढ़ते हुए वृद्धा आश्रम की संख्या उन्हें चिंतित करती है और इसलिए उन्हें अपने अभिभावकों के कुशल क्षेम का पूरा ध्यान रखना है क्योंकि अभिभावकों के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। राज्यपाल ने कहा कि युवा डक्टरों को समझाते हुए कहा कि हमारी कामयाबी के पीछे माता पिता का अहम योगदान होता है, इसलिए उनको कभी मत भूलना, राज्यपाल ने कहा कि प्रतिभा कितनी भी ऊपर हो लेकिन मां बाप से बड़ी कभी नहीं हो सकती है। राज्यपाल ने कहा कि एसजीपीजीआई वह संस्थान है जहां दूर–दूर से मरीज आते हैं और इलाज करवाकर ठीक भी हो जाते हैं, अब इसे सातवें नंबर से पहले नंबर पर लाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने नैक मूल्यांकन को बढ़ावा देने पर भी



बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में की गए बहुमुखी सुधार सराहनीय है,। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में गुणपरक स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा की दिशा में अनेक चुनौतियां हैं।आज चिकित्सा के क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे रोबोटिक सर्जरी, बिगडेटा और डिजिटल तकनीकों का प्रयोग हो रहा है। चुनौती इस बात की है कि आज के चिकित्सक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्राप्त निर्णय को समझ सके और उन को रोगी सेवा के लिए लागू कर सकें।डक्टर से रोगी के साथ स्नेहिल संबंध होने आवश्यक है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एकींत चिकित्सा और आयुष और प्रांतिक चिकित्सा सहित सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने पर बल दिया। राज्यपाल दीक्षांत के मौके पर डाक्टर टी एस अविनाशिलिंगम विश्वविद्यालय के शिक्षण और प्रशिक्षण प्रकिया की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यहां देश के १४ राज्यों से महिलाएं अध्ययन के लिए आती हैं और ६०ः संकाय सदस्य भी महिलाएं ही हैं। यहां की ४०ः महिलाएं जो भी पढ़ने के लिए आती हैं, आदिवासी क्षेत्र की हैं। अविनाशिलिंगम विश्वविद्यालय में होने वाले शिक्षण प्रशिक्षण और शोध कार्यों की राज्यपाल महोदय ने भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में नवाचार शोध के क्षेत्र में मार्गदर्शन करने वाले लोग होने चाहिए तभी विश्वविद्यालय शिक्षण प्रशिक्षण के अपने सच्चे लक्ष्य को पूर्ण कर पाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि गांव में रहने वाले मरीजों को अब विशेषज्ञों से फोन पर इलाज मिलेगा। पीजीआई टेलीमेडिसिन को प्रदेश के सभी ७५ जिलों तक पहुंचाना चाह रही है। जल्द ही इसमें कामयाबी मिलेगी। इसके बाद मरीजों को राजधानी विशेष तौर पर इलाज कराने के लिए नहीं आना होगा। घर के नजदीक ही उन्हें विशेषज्ञ डक्टर की सलाह मिल सकेगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का लाभ सबसे ज्यादा महिलाओं को मिला है। ५० प्रतिशत महिलाओं ने इस योजना का उपयोग किया है। देश में अब तक करीब तीन करोड़ ६० लाख गरीब मरीजों को योजना के तहत इलाज मिल चुका है। यूपी में २२ करोड़ की धनराशि से मरीजों को इलाज मुहैया कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्य महिलाओं की सेहत का खयाल रखें। क्योंकि महिलाएं दर्द सहती हैं। बीमारी होने के बावजूद घर में काम करती हैं। परिवार के दूसरों सदस्यों का खयाल रखती हैं। प्रदेश के सरकारी अस्पताल व मेडिकल संस्थान विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ ) के मानकों के आधार पर तैयार किए जाएंगे। इसमें मानकों के अनुसार सभी सुविधाएं दी जाएंगी। डक्टरों की संख्या के मुताबिक नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। ताकि मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सके। यह बातें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पीजीआई के डक्टरों पर उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के मरीजों को भरोसा बढ़ा है। यहां मरीज दुखी व पीड़ित होकर आता है। भर्ती होने के बाद ठीक होकर घर भी जाता है। मेडिकल संस्थानों को नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ के मानक के अनुसार तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बीते दिनों ४००० नर्सों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें करीब २२०० नर्सिंग अभ्यर्थी ही परीक्षा पास कर पाएं। यह चिंता का विषय है। इसलिए नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों की गुणवत्ता बढ़ाई जाएगी। छह स्तर पर नर्सिंग व पैरामेडिकल कलेजों की स्क्रीनिंग होंगी। इनको मिला विशेष पुरस्कार...१–प्रो. आरके शर्मा बेस्ट एमसीएच स्टूडेंट एवार्ड–डा. तंबोली जाइन इकबाल, २– प्रो. आर के शर्मा बेस्ट डीएम स्टूडेंट एवार्ड–डा. रूद्रापन चटर्जी, ३– प्रो.एसआर नायक बेस्ट रिसर्चर एवार्ड–डा. अमित गोयल, ४– प्रो. एसएस अग्रवाल एक्सीलेंस इन रिसर्च– डा. पारिजात राम त्रिपाठी, ५–प्रो. एसआर नायक बेस्ट रिसर्चर अवार्ड–डा. रोहित सिन्हा, २१२ छात्रों को दी गई डिग्री..डीएम–४६, एमसीएच२०,एमडी–३८, पीएचडी–८,पीडीसीसी–३७, एमएचए–५, एमएससी–१४, बीएससी नर्सिंग–४०..!

# पंचतत्व में विलीन हुए मुलायम सिंह

सैफई। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। इटावा जिले में उनके





पैतृक गांव सैफई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव को मुखाग्नि दी। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को सुबह १० बजे से अंतिम दर्शन के लिए सैफई मेला ग्राउंड के पंडाल में रखा गया था, जहां हजारों लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। गौरतलब है कि मुलायम सिंह यादव का सोमवार को निधन हो गया था। वे ८२ साल के थे और गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। मुलायम सिंह यादव का अंतिम संस्कार उनकी पहली पत्नी मालती देवी के मेमोरियल के पास बने प्लेटफर्म पर किया गया। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने सैफई पहुंच कर मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा– पीएम मोदी यहां नहीं आ सके, लेकिन उन्होंने मुझे अपनी ओर से श्रद्धांजलि देने के लिए कहा। हमारे बीच बहुत मजबूत रिश्ता था। मुलायम सिंह यादव भारतीय राजनीति के एक बड़े व्यक्तित्व थे। उनका जाना देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मुलायम सिंह के करीबी रहे बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन का मंगलवार को जन्मदिन था इसलिए वे सैफई नहीं गए, लेकिन उनकी पत्नी जया बच्चन और बेटे अभिषेक ने सैफई में सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने भी सैफई जाकर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पूरे समय अखिलेश के साथ मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने भी मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि दी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता कमलनाथ, कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे मल्लिकार्जुन खड़गे, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार, पतंजलि समूह के बाबा रामदेव आदि ने भी उनको श्रद्धांजलि दी। मुलायम सिंह यादव के निधन पर उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में तीन दिन के शोक की घोषणा की है।

# मुलायम सिंह को भारत रत्न देने की उठी मांग, सपा नेता ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

लखनऊ, अमृत विचार। स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव को भारत–रत्न देने की मांग की गयी है। इस आशय का एक पत्र समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आईपी सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी



मुर्मू को लिखा है। आईपी सिंह ने अपने पत्र में लिखा, "नेता जी के गोलोकगमन से पूरा देश शोकाकुल है। सभी में निराशा का भाव है। ऐसे में उनके चाहने वाले और समाजवादी विचारधारा के हर सिपाही की भावनाओं को ध्यान रखते हुए नेता जी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने की घोषणा की जानी चाहिए। धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव वो नाम है जो 'भारत रत्न' की शोभा बढ़ाने का काम करेगा।" समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता और सीनियर लीडर आई पी सिंह ने पत्र में लिखा है "विगत सोमवार को समाजवाद के एक स्वर्णिम अध्याय का समापन हो गया। देश ने अपने सबसे प्रिय नेता आदरणीय श्री मुलायम सिंह यादव को खो दिया। एक ऐसा नेता जिसका जीवन ही संघर्ष का दूसरा नाम है। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसने सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी और अपना सर्वस्व व राष्ट्र के नाम समर्पित कर दिया। समाजवादी विचारधारा के हर सिपाही की भावनाओं को ध्यान रखते हुए नेता जी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की जानी चाहिए।धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव नाम है जो भारत रत्न की शोभा बढ़ाने का काम करेगा।"

# मप्र में चिकित्सा शिक्षा की पढ़ाई हिंदी में

भोपाल। मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने वाला है जो हिंदी में भी मेडिकल की पढ़ाई की शुरूआत करने जा रहा है। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में १६ अक्टूबर को होने वाले भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एमबीबीएस प्रथम वर्ष की हिंदी पुस्तकों का विमोचन करेंगे। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए लाल परेड मैदान पर तैयारियां जोरों पर हैं। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 'हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई' प्रारंभ करने का सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार मध्यप्रदेश में हिंदी में भी मेडिकल की पढ़ाई का शुभारंभ होने से विगत छह माह में पुस्तकों के हिंदी रूपांतरण के लिये चिकित्सा शिक्षा विभाग का परिश्रम फलीभूत



होने जा रहा है। मंत्री सारंग ने बताया कि एमबीबीएस प्रथम वर्ष की तीन पुस्तकें एनाटमी, फिजियोलजी एवं बायो केमिस्ट्री हिन्दी में बन कर तैयार हैं। १६ अक्टूबर को लाल परेड ग्राउंड पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह द्वारा तीनों हिंदी पुस्तकों का विमोचन किया जायेगा। मंत्री सारंग ने बताया कि मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू होने से पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। वहीं अन्य हिंदी भाषी राज्यों में भी मध्यप्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग की इस पहल को सराहा जा रहा है। इस अकल्पनीय कार्य की सफलता के लिए देश के अन्य हिंदी भाषी राज्यों से भी उन्हें लगातार कल आ रहे हैं। हिंदी माध्यम से शिक्षित छात्र कड़ी मेहनत कर नीट की परीक्षा में तो उत्तीर्ण हो जाते हैं। एमबीबीएस में अंग्रेजी भाषा होने से उन्हें कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

# कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में पदाधिकारियों के लिए दिशा-निर्देश

नई दिल्ली। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महासचिव प्रभारी, सचिव और संयुक्त सचिव अपने प्रभार वाले राज्यों में मतदान नहीं करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये पदाधिकारी अपने गृह राज्य अथवा पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में ही मतदान कर सकेंगे। प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने इन पदाधिकारियों को भेजे पत्र में यह बात कही है। मिस्त्री ने बुधवार को कहा था कि पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में गुप्त मतदान होगा और यह पता नहीं लगाया जा सकता कि किसने किसे वोट दिया तथा किस राज्य से किस उम्मीदवार को कितने वोट मिले। उन्होंने यह भी कहा था कि चुनाव प्राधिकरण ने यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास किया है कि दोनों उम्मीदवारों के लिए समान अवसर हों। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए १७ अक्टूबर को मतदान होना है और १६ अक्टूबर को मतगणना की जाएगी। मल्लिकार्जुन खरगे और शशि थरूर अध्यक्ष पद चुनाव के उम्मीदवार हैं।

# विदेश में नौकरी का झांसा देने वाले गैंग का खुलासा

नोएडा। इराक सहित खाड़ी देशों में नौकरी लगाने के नाम पर सैकड़ों बेरोजगार युवकों से कथित रूप से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि सेक्टर २० थाने में कुछ लोगों ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि सेक्टर २७ में अंबा इंटरप्राइजेज के नाम से कुछ व्यक्तियों ने एक कार्यालय खोल रखा है और वे सोशल मीडिया पर गल्फ कोर्स के नाम से वेबसाइट चलाते हैं। वर्मा ने बताया कि शिकायकर्ताओं के अनुसार इसी वेबसाइट के माध्यम से उन्होंने लोगों से संपर्क कर इराक एवं अन्य अरब देशों में भेजने के नाम पर उन्हें अपने कार्यालय में बुलाया। उन्होंने बताया कि पीड़ितों का आरोप है कि इराक भेजने के नाम पर इन लोगों ने उनसे ६० से ७० हजार रुपए प्रति व्यक्ति वसूले तथा उन्हें फर्जी वीजा, पासपोर्ट और फर्जी एयर टिकट पकड़ा दिया। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस ने आज सुधीर तथा हामिद नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके अनुसार जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि उनका साथी डॉक्टर दानिश दिल्ली में डायग्नोस्टिक सेंटर चलाता है और वह पांच हजार रुपए प्रति व्यक्ति लेकर इनका फर्जी मेडिकल बनाकर देता



है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से ४,२४,००० रुपये नगद, ८० फर्जी पासपोर्ट, ३० फर्जी वीजा, ३० से ज्यादा फर्जी एयर टिकट आदि बरामद किये हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग १२ बैंक खाते चला रहे थे, जिनमें पीड़ितों से रकम डलवाते थे। इन खातों में कुछ ऐसे लोगों के भी खाते भी हैं जिनकी पहले ही मौत हो चुकी है। वर्मा ने बताया कि इस मामले में बैंक के अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा पीड़ितों से ठगे गए पांच लाख रुपए एक अकाउंट में मिले हैं जिसपर पुलिस ने रोक लगा दी है।सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि इन आरोपियों ने पूर्व में दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा सहित विभिन्न जगहों पर अफिस खोल कर हजारों बेरोजगारों के साथ ठगी की है। उन्होंने बताया कि अब तक जांच से पता चला है कि उनके बैंक खाते में ठगी के ७० लाख रुपए आए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी विदेश भेजने के नाम पर पीड़ितों को एक जगह इकट्ठा करते थे ,जब पीड़ित हवाई अड्डे पहुंचते थे तो उन्हें पता चलता था कि उनके साथ ठगी हुई है। पुलिस के अनुसार जिस दिन पीड़ितों को हवाई अड्डे पहुंचना होता था ,उससे एक दिन पूर्व ये लोग अपना ऑफिस बंद करके भाग जाते थे। उन्होंने बताया कि इस धोखाधड़ी में कुछ और लोग शामिल हैं, जिनकी जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# १५ किलो सोने के साथ सात तस्कर गिरफ्तार



मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सात तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा और १५ किलो सोना जब्त किया है। मुंबई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई ११ और १२ अक्टूबर को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर की गई थी। सातों तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# झूठे मुकदमे के मामले में ७ पुलिसकर्मियों पर गाज

नोएडा। नोएडा पुलिस ने आदेश दिया है कि थाना अध्यक्ष समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। पुलिस पर आरोप है कि उसने एक युवक को गिरफ्तार किया और उसे झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया। जिसके बाद परिवार वालों ने कोर्ट से गुहार लगाई। कोर्ट ने उनके एप्लीकेशन को स्वीकार करते हुए यह आदेश जारी किया है कि नोएडा के ११३ थाने के थाना अध्यक्ष समेत सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए और इस मामले की जांच की जाए। गौतमबुद्ध नगर की जिला अदालत में दायर की गई याचिका के मुताबिक पीड़ित परिजनों ने बताया कि नोएडा में सोरखा गांव में रहने वाले जागेश को पुलिस ने घर से उठाया और उसे ले जाकर उसके साथ थाने में मारपीट की चोरी और झूठे मुकदमे में उसे जेल भेज दिया और अपने फाइल में पुलिस ने उसे कहीं और से पकड़ने की बात लिखी थी।

# फिर से बढ़े कोरोना केस! देश में आज सामने आए २,७८६ नए मामले

नई दिल्ल। देश में तेजी से फैलते डेंगू-मेलेरिया के मामलों के बीच कोरोना संक्रमण के नए मामलों में भी आज तेजी आई है। बुधवार के मुकाबले देश में आज कोरोना के मामले में थोड़े बढ़कर दर्ज हुए हैं। आज नए संक्रमित मरीजों की संख्या में ६४७ की बढ़ोतरी के साथ दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर, राजस्थान में भी कोरोना के नए मामलों में पिछलों कुछ दिनों से लगातार इजाफा देखा जा रहा है। बता दें कि, देश पिछले २४ घंटे में



कोरोना के २ हजार ७८६ नए मामले सामने आए हैं और १२ लोगों की मौत हो गई है। हालांकि, इस दौरान २ हजार ५७६ लोग कोरोना संक्रमण को मात देने में सफल रहे हैं। बता दें कि, बीते दिन यानि बुधवार को देश में कोरोना संक्रमण के २,१३६ नए मामले सामने आए थे और १३ लोगों की मौत हुई थी। अबतक कुल संक्रमित, ४ करोड़ ४६ लाख २१ हजार ३१६ ..अबतक कुल मौतें ...५ लाख २८ हजार ८४७..अबतक कुल डिस्चार्ज, ४ करोड़ ४० लाख ६७ हजार ६५१, अभी कुल एक्टिव केस, २६ हजार ५०६..।

# मुस्लिम महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है हिजाबः मौलाना खालिद रशीद

लखनऊ। मुस्लिम धर्मगुरु और ईदगाह लखनऊ के पेश इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं और लड़कियां धार्मिक मान्यताओं के तहत हिजाब पहनती हैं। हिजाब, मुस्लिम महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। जस्टिस सुधांशु धूलिया के हिजाब पर बैन को रद्द करने के फैसले का स्वागत करते हुए मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा जरूरी है। उन्हें उम्मीद है कि जस्जिद सुधांशु धूलिया की तरह ही बड़ी बेंच इस मामले की सुनवाई करते हुए मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देगी। उन्होंने आगे कहा कि हिजाब एक वक्त से चला आ रहा है। मुस्लिम महिलाएं व लड़कियां इसे पहनती चली आ रही हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह बेहद जरूरी है। फिर शिक्षा से इसे जोड़ना उचित नहीं है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

हाजीपुर। बिहार में वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुरूवार को पेड़ से लटका एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर रुकसीपुर गांव स्थित बगीचा में पेड़ से लटका एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान जिले के जंदाहा थाना क्षेत्र के अरनिया गांव निवासी मुकेश कुमार साह (२२) के रूप में की गयी है। वह सुबह शौच के लिये घर से निकला था। सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमर्टम के लिये हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# जम्मू-कशमीर में संदिग्ध आईईडी बरामद



जम्मू। जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के गूल इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संगलदान ईलाके मे एक लावारिस बैग मिला जिसमें देसी आईईडी बरामद हुआ। बाद में सुरक्षा बलों ने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश के अपने दौरे के दौरान ऊना जिले में एक बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी। उन्होंने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना को भी राष्ट्र को समर्पित किया और ऊना जिले के अंब अंदोरा से नई दिल्ली के लिए नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने साल २०१७ में आईआईटी–ऊना की आधारशिला रखी थी।




हिमाचल प्रदेश में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मोदी ने हरोली में बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी, जिसे १,६०० करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाया जाएगा। यह पार्क एपीआई (दवा के चिकित्सकीय गुणों के लिए जिम्मेदार यौगिक) आयात पर निर्भरता घटाने में मदद करेगा। इससे लगभग १०,००० करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित होने और २०,००० से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने नयी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। यह देश में शुरू की गई चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है और पहले की तुलना में एक उन्नत संस्करण है, जो बहुत हल्की होने के साथ–साथ कम अवधि में तेज रफ्तार पकड़ने में सक्षम है। यह ट्रेन महज ५२ सेकेंड में १०० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। प्रधानमंत्री के ऊना के पेखुबेला हेलीपैड पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी ऊना के इंदिरा गांधी स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वह चुनावी राज्य में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखने के बाद चंबा जिले के चोगन मैदान में भी एक अन्य जनसभा को संबोधित करेंगे। पिछले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का हिमाचल प्रदेश का यह नौवां दौरा है।

# बुजुर्ग की पीट–पीट कर हत्याः नौ पुलिसकर्मी निलंबित

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शराब की दुकान के पास नशे में धुत्त कुछ लोगों ने लाठी–डंडे से कथित रूप से पीट–पीट कर ७४ वर्षीय एक बुर्जुग की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इस मामले में दो दरोगा सहित नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है जबकि १७ नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। सूत्रों के अनुसार सिगरा थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर में ७४ वर्षीय पशुपतिनाथ सिंह के आवास के पास बुधवार की रात्रि कुछ लोग शराब के नशे में आपस में मारपीट कर रहे थे, जिसका विरोध करने पर उन्होंने उन्हें और उनके बेटे राजन सिंह पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। सूत्रों के मुताबिक इस हमले में पिता एवं पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें बीएचयू के ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां पशुपतिनाथ सिंह ने दम तोड़ दिया। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि इस प्रकरण को शासन ने गम्भीरता से लेते हुए मृतक के बेटे के तहरीर पर १७ नामजदों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है जिनमें से पांच अभयुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना की गम्भीरता को देखते हुए दो दरोगा सहित कुल नौ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उनका कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही हैं, घटना में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

# कुमार विश्वास और बग्गा के खिलाफ एफआईआर रद्द

नई दिल्ली। जाने माने कवि कुमार विश्वास और भाजपा के नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। हाई कोर्ट ने इसे सरकारी शक्तियों का दुरुपयोग भी बताया है। हाई कोर्ट का फैसला पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को बड़ा झटका है। बुधवार को हाई कोर्ट ने इस संबंध में फैसला सुनाते हुए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा रद्द कर दिया। भाजपा नेता बग्गा के मामले में हाई कोर्ट ने कहा कि उनका ट्विट पंजाब में आकर नहीं किए गए। साथ ही उनके ट्विट भड़काऊ नहीं हैं। अदालत ने कहा– राजनीतिक लोग जिस तरह एक–दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करते हैं, इससे कोई उन्माद नहीं फैलता। कवि और आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता कुमार विश्वास पर रोपड़ में केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने अरविंद



केजरीवाल को खालिस्तान समर्थक बताया। उनके इस बयान की वजह से पार्टी की छवि खराब हुई। इस मामले में पंजाब पुलिस बग्गा और कुमार विश्वास के पकड़ने के लिए दिल्ली पहुंच गई थी। पुलिस ने कुमार विश्वास के गाजियाबाद स्थित घर पर उन्हें नोटिस भेज जांच में शामिल होने कहा था, जिसके खिलाफ कुमार ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। हाई कोर्ट फैसले के बाद कुमार विश्वास ने लिखा– बेबुनियाद एफआईआर को आज हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायपालिका व मुझे प्यार करने वालों का आभार। कुमार विश्वास ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को संबोधित करते हुए लिखा– प्यारे अनुज को पुनः सलाह कि पंजाब के स्वाभिमान को बौनी–नजरों से बचाए। खुद्दार पंजाब ने ३०० साल में, दिल्ली के किसी असुरक्षित तानाशाह को अपनी ताकत से कभी नहीं खेलने दिया। पंजाब ने तुम्हारी पगड़ी को ताज सौंपा है। पंजाब के लोगों के टैक्स के पैसों व उनकी पुलिस का अपमान मत करो।

# मनी लॉन्ड्रिंगः पत्रकार राणा अय्यूब की मुश्किलें बढ़ी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने पत्रकार राणा अय्यूब के खिलाफ एक वेबसाइट केट्टो डॉट कॉम के माध्यम से सहायता और दान के नाम पर एकत्र किए गए धन का दुरुपयोग करने के मामले में चार्जशीट दाखिल की है। ईडी ने उन पर आम लोगों को ठगने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। ईडी ने दावा किया है कि उन्होंने अवैध रूप से आम जनता से धन हासिल किया। इस चार्जशीट के साथ, अय्यूब के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। आदेश के अनुसार, राणा अय्यूब द्वारा केट्टो पर कुल २,६९,४४,६८०– रुपए का फंड जुटाया गया। ये राशि उनकी बहन/पिता के बैंक खातों में डाली गई। इस राशि में से ७२,०१,७८६ रुपए उनके अपने बैंक खाते में, ३७,१५,०७२ रुपए उनकी बहन इफ्फत शेख के खाते में और १,६०,२७,८२२ रुपए उनके पिता मोहम्मद अय्यूब वाकिफ के बैंक खाते में डाली गई। बाद में उनकी बहन और पिता के खाते से यह सारा पैसा उनके अपने खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। आदेश में आगे पढ़ा गया कि राणा अय्यूब ने ३१,१६,७७० रुपए के खर्च की जानकारी/दस्तावेज जमा किए, हालांकि दावा किए गए खर्चो के सत्यापन के बाद, यह सामने आया कि वास्तविक खर्च केवल १७,६६,९७० रुपए का था। इसमें कहा गया, अय्यूब ने राहत कार्यो पर खर्च का दावा करने के लिए कुछ संस्थाओं के नाम पर नकली बिल तैयार किए थे। हवाई यात्रा के लिए किए गए खर्च को राहत कार्य के खर्च के रूप में दावा किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा




की गई जांच से यह स्पष्ट है कि दान के नाम पर धन पूरी तरह से पूर्व नियोजित और व्यवस्थित तरीके से जुटाया गया था और धान का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया जिसके लिए धन जुटाया गया। जांच से पता चला कि राणा अय्यूब ने राहत कार्य के लिए धन का उपयोग करने के बजाय एक अलग चालू बैंक खाता खोलकर कुछ धनराशि जमा की। उन्होंने किट्टो पर जुटाए गए धन से ५० लाख रुपये की सावधि जमा भी बनाई और बाद में राहत कार्यो के लिए इनका उपयोग नहीं किया। ईडी अधिकारी ने कहा कि अय्यूब ने कथित तौर पर धन का दुरुपयोग किया। उन्होंने कथित तौर पर अपने निजी खचरें के लिए धन को अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिया।

## दिवाली से पहले आतंकी उड़ाने वाले थे जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाले ३ बड़े पुल, बैग में मिले नक्शे


जम्मू। भारतीय सुरक्षाबलों को जम्मू–कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के दिवाली से पहले बड़े हमले के प्लान को फेल कर दिया है। सुरक्षा बलों ने बुधवार रात को रामबन जिले के सगंलदान इलाके में



विस्फोटकों से भरा एक बैग बरामद किया है जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान मिला है। जानकारी में सामने आया है कि, पुलिस को सगंलदान इलाके में कुछ संदिग्ध आतंकी गतिविधियों की सूचना मिली थी जिसके बाद सुरक्षाबलों की मदद से इलाके की घेरबंदी की गई और सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस और सेना के इस अभियान में एक संदिग्ध बैग बरामद किया गया। जिसे खोलकर देखा गया तो उसमें तबाही का सामान मौजूद था। बैग मिलने के बाद बम डिस्पोजल स्क्वायड मौके पर पहुंचा और उसकी तलाशी ली गई तो सभी हैरान थे। बैग में तीन आईईडी, १ बैटरी, १७ पीका राउंड, १ सेफ्टी फ्यूज, १ डेटोनेटर, २० मीटर इलेक्ट्रिक वायर, १ टोपी, और १ सिगरेट का पैकट बरामद हुआ। इसी के साथ बैग में जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाले ३ बड़े पुलों के नक्शे भी मिले। ऐसे में मना जा रहा है कि, आतंकी ये तीन पुल उड़ाने की फिराक में थे और ये साजिश सीमा पार से रची गई थी। जानकारी में सामाने आ रहा है कि, बैग में मिली इन तीनों आईईडी को तीनों पुलों के नीचे लगाया जाना था और दिवाली के मौके पर बड़ा धमाका किया जाने वाला था। जम्मू–कश्मीर में तबाही मचाने की ये साजिश लश्कर–ए–तैयबा के कमांडर मोहम्मद अमीन उर्फ खुबैब की थी। हालांकि, इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच लगी हुई है।

# पीएम की दिवाली फिर केदारनाथ में! सेना के जवानों के साथ बांट सकते हैं खुशियां

नई दिल्ली। हर दिवाली पर सैनिकों के बीच जाकर उनके साथ खुशियों को बांटना तो कोई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीखें। ऐसे में इस बार भी प्रधानमंत्री मोदी के दीपावली के मौके पर केदारनाथ जाने की चर्चाएं सामने आ रही हैं। खबरों की माने तो छोटी दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केदारनाथ धाम जा सकते हैं। आपको बता दें कि, दो दिन पहले ही उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी केदारनाथ धाम का दौरा किया है। जिसके बाद से तो पीएम मोदी के केदारनाथ जाने के कयास और भी पक्के माने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केदारपुरी का भव्य निर्माण हो रहा है। आज मैं निर्माण कार्य देखने आया हूं। दिसंबर २०२३ तक ये कार्य पूरा होगारू केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का केदारनाथ धाम से गहरा जुड़ाव है। पीएम बनने के बाद मोदी अब



तक ५ बार केदारनाथ जा चुके हैं। ऐसे में अगर इस बार भी वे केदारनाथ धाम पहुंचते है तो ये उनका ६वां दौरा होगा। बता दें कि, इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल २०१८ में दीपावली के मौके पर केदारनाथ धाम में पूजा करने पहुंचे थे। खबरों की माने तो उत्तराखंड प्रशासन पीएम मोदी के केदारनाथ दौरे को लेकर अभी से ही तैयारियों में जुट गया है। हालांकि प्रशासन अभी इस प्रस्तावित दौरे को लेकर कुछ स्पष्ट तौर पर नहीं बता रहा है। लेकिन वहां चल रही तैयारियों को देखते हुए माना जा रहा है कि, इस बार भी पीएम मोदी की दिवाली बाबा केदारनाथ के धाम के दर्शनों के साथ मनेगी। जिसके बाद वे भारतीय जांबाज सैनिकों से भी मिलेंगे। आपको ये भी बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केदारनाथ में आई आपदा के बाद वहां फिर से पुनरूद्धार कार्य करवाये और बाबा के धाम की काया ही पलट दी। पीएम मोदी ने इसी तरह का जीवन्त उदहारण बनारस के काशी विश्वनाथ और महाकाल की नगरी उज्जैन में भी किया है। मंगलवार को ही उज्जैन में पीएम मोदी ने महाकाल लोक के प्रथम चरण का लोकार्पण किया है।

## श्रीराम की नगरी अयोध्या में बारिश से आफत! घाट हुए जलमग्न

लखनऊ। मानसून की विदाई के बाद भी देश के कई हिस्सों में आसमान से बारिश का कहर जारी है। जिसके चलते यूपी में हाल बेहाल हो गए हैं। कई इलाकों में तो इतना पानी बरस गया है कि, हाहाकार मचा हुआ है। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में तो जोरदार बारिश ने प्रशासन बड़े–बड़े दावों की पोल खोलकर रख दी है। कई इलाकों में गांवों का सड़क मार्ग से सम्पर्क टूट गया है। अयोध्या में सरयू नदी में बाढ़ की वजह से घाट जलमग्न हो चुके है। घाटों पर बनी चौकियां पानी में गुम गई है। बारिश के कारण राम जन्मभूमि परिसर के पश्चिमी छोर पर निर्माण कार्य में लगी दो मसीनें फस गई। बेमौसम



बरसात ने निर्माण कार्य की गति में बाधा डाल दी है। बारिश की वजह से निर्माण स्थल पर मजदूरों और कारीगरों को पत्थर ले जाने और काम करने में परेशानी हो रही है। यहां तक की बारिश के चलते सीएम योगी आदित्यनाथ का हेलीकप्टर भी अयोध्या में उतर नहीं पाया। नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। कई गांवों के भीतर पानी भर चुका है। अयोध्या के रूदौली में सरयू नदी की बाढ़ के चलते सल्लाहपुर, सुलेमपुर, अब्बूपुर, नूरगंज, कैथी माझा आदि गांवों का हाल बेहद ही बुरा हो गया है। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है।

# आशियाना में तेजी से बढ़ रहे डेंगू के मरीज सबसे ज्यादा पीड़ित

लखनऊ। राजधानी में तेजी से पांव पसार रहे डेंगू ने अब तक ३४ लोगों को अपने चपेट में ले लिया है। कुल ३४ लोग डेंगू की चपेट में आ गए हैं। जिसके बाद आनन–फानन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मच्छर जनित इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस–पास पानी पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर




रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु "क्या करें, क्या न करें" सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। इन इलाकों में मिले सबसे ज्यादा डेंगू पीड़ित राजधानी के कई इलाकों में डेंगू के मरीज पाए गए हैं जिसमें सबसे ज्यादा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन्दिरानगर में ११, चन्दरनगर में चार अलीगंज से दो और एनके रोड से दो लोग डेंगू से पीड़ित पाए गए हैं। इसके साथ ही करीब १३० घरों के आस–पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की गई। एक घर में डेंगू का मच्छर पाए जाने पर नोटिस जारी की गई।

# सुलतानपुर में ट्रेन से पिता–पुत्र की मौत

सुलतानपुर। सुलतानपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में हनुमानगंज बाजार स्थित रेलवे फाटक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) प्रभारी शमीम अली सिद्दीकी ने बताया कि सोमवार की रात हनुमानगंज रेलवे फाटक बंद था, उसी समय विजय शंकर पांडेय (५०) एवं उनका बेटा बाल ेष्ण पांडेय (२०) फाटक पार करने लगे और तभी वे एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी पुलिस व संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भारतीय नौसेना का फाइटर जेट मिग-२९ क्रैश, बचने के लिए पायलट ने समुद्र में लगा दी छलांग

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का मिग–२९ 'के' फाइटर जेट क्रैश हो गया है। बताया जा रहा है कि, ये फाइटर जेट गोवा के पास समंदर में क्रैश हुआ है। गनीमत ये रही कि पायलट ने किसी तरह अपनी जान बचा ली है। फाइटर जेट के क्रैश होने के कारणों का पता लगाने के लिए बोर्ड अफ इंक्वायरी (बीओआई) को आदेश दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना का मिग–२९के लड़ाकू विमान गोवा तट पर नियमित उड़ान के भरने के बाद बेस पर लौट रहा था तभी अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण वह समुद्र में समा गया। एक मिग २९के लड़ाकू विमान गोवा तट पर नियमित उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण समुद्र के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और पायलट की हालत स्थिर बताई जा रही है




विमान में मौजूद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए एयरक्राफ्ट से इजेक्ट कर समुद्र में छलांग लगा दी जिससे पायलट की जान बच गई। सूचना के बाद नौसेना ने सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चला पायलट को समुद्र से बाहर निकाल लिया है। पायलट की हालत स्थिर बताई गई है।

## सहारनपुर पुलिस ने पाक नागरिकों को जारी किया निर्देश

सहारनपुर। सहारनपुर पुलिस ने लंबी अवधि के वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों से कहा है कि अगर उस देश का कोई रिश्तेदार उनके यहां आता है तो प्रशासन को इसकी सूचना दें। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया है कि, वे विदेशी पंजीकरण कार्यालय के अधिकारियों और पुलिस को सूचित करें कि क्या वे जिले से बाहर जाने की योजना बना रहे हैं। ऐसे ५० से अधिक व्यक्ति लंबी अवधि के वीजा पर जिले में रह रहे हैं और उनमें से ३० महिलाएं हैं, जिनकी शादी स्थानीय लोगों से हुई है। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा ने उन्हें उन नियमों और शर्तों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है, जिनके आधार पर उनके दीर्घकालिक वीजा दिए गए थे। एसएसपी कार्यालय ने पाकिस्तान के नागरिकों के गृह नगर, काम, उनके वीजा की समाप्ति तिथि और पिछले कुछ महीनों में आए रिश्तेदारों के बारे में जानकारी एकत्र की है। इन पाकिस्तानी नागरिकों से कहा गया है कि, वे जिस इलाके में ठहरे हुए हैं, वहां कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। उन्हें नियमित रूप से 'सत्यापन' करने की भी सलाह दी गई है।

## मुस्लिम पहली पत्नी को अपने पास रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकता

प्रयागराज। एक मुस्लिम व्यक्ति, जो अपनी पहली पत्नी की इच्छा के विरुद्ध दूसरी शादी करता है, पहली पत्नी को उसके साथ रहने के लिए मजबूर करने के लिए अदालत का आदेश नहीं मांग सकता। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ये टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी और न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने यह टिप्पणी एक मुस्लिम व्यक्ति द्वारा दायर एक अपील पर विचार करते हुए की, जिसमें एक पारिवारिक अदालत के



आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें दाम्पत्य अधिकारों की बहाली के लिए उसके मामले को खारिज कर दिया गया था। पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि, पवित्र कुरान के अनुसार एक पुरुष अधिकतम चार महिलाओं से शादी कर सकता है लेकिन अगर उसे डर है कि वह उनके साथ न्याय नहीं कर पाएगा तो केवल एक से ही शादी कर सकता है। "यदि कोई मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी और बच्चों को पालने में सक्षम नहीं है, तो पवित्र कुरान के अनुसार, वह दूसरी महिला से शादी नहीं कर सकता और इसके अलावा एक मुस्लिम पति को दूसरी पत्नी लेने का कानूनी अधिकार है, जबकि पहली शादी बनी रहती है।" उन्होंने आगे कहा, "लेकिन अगर वह ऐसा करता है और फिर पहली पत्नी को उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ रहने के लिए मजबूर करने के लिए अदालत की सहायता चाहता है, तो वह यह सवाल उठाने की हकदार है कि क्या अदालत को मजबूर करना चाहिए उसे ऐसे पति के साथ रहने के लिए।" पीठ ने यह भी कहा कि, "जब अपीलकर्ता ने अपनी पहली पत्नी से इस तथ्य को छिपाकर दूसरी शादी की है, तो वादी–अपीलकर्ता का ऐसा आचरण उसकी पहली पत्नी के साथ क्रूरता के समान है।" "यदि पहली पत्नी अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती है, तो उसे दाम्पत्य अधिकारों की बहाली के लिए उसके द्वारा दायर एक मुकदमे में उसके साथ जाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।"

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने पर कानूनगो और लेखपाल के सामने अवैध कब्जे दारों ने पिता पुत्रों को जमकर पीटा

लखनऊ/बाराबंकी। जमीन विवाद को लेकर पिता पुत्रों को दर्जनों लोगों ने जमकर पीटा. मामला बाराबंकी के शुक्लन पुरवा के मजरे हथौधा गांव में सार्वजनिक





जमीन पर कब्जा करने का प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत एक परिवार द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई जिससे गुस्साए लोगों ने शिकायत कर्ता मुकेश शुक्ला और उनके दोनों लड़कों से कानूनगो और लेखपाल के सामने मारपीट की। जमीन हाथ से जाती देख अवैध कब्जेदार राम सरन यादव, राम सिंह यादव एवं बब्लू मनीराम यादव संतोष जय सरन एवं उनकी घर की महिलाओं ने लाठी–डंडों एवं बांका से शिकायत कर्ताओं को जमकर मारा तथा धमकी दी है। और कहा है कि यदि गांव में दोबारा आओगे तो जान से मार देंगे ये घटना उस समय हुई जब तहसील के लेखपाल एवं कानूनगो घूर गड्ढा एवं खलिहान की पैमाइश करने हेतु गए थे जिस जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जमीन की पैमाइश के लिए कानूनगो और लेखपाल गायत्री जैसवाल ने मुकेश शुक्ला और उनके पुत्रों को बातचीत के लिए बुलाया और बातचीत के दौरान ही अवैध कब्जे दारों द्वारा अद्धा एवं धारदार हथियारों से आक्रमण कर दिया गया जिसमें मुकेश शुक्ला सहित उनके दोनों पुत्रों को काफी चोटें आई हैं। जिसकी प्राथमिकी हेतु कोतवाली रामसनेहीघाट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर को भेजा गया था मगर वहां पर तैनात डक्टर ने जिला अस्पताल बाराबंकी को रिफर कर दिया है जिसमें शुभम शुक्ला एवं शुयस शुक्ला को गंभीर चोट आई है। लोगों का कहना है कि मनीराम एक दबंग एवं सरहंग किस्म का व्यक्ति है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

# बाराबंकी के घूर गड्ढा एवं खलिहान की सरकारी जमीन पर बने भूमाफियाओं के घर पर कब होगी बाबा की टेढ़ी नजर

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बड़े–बड़े माफियाओं को खत्म करने वाली योगी सरकार का बुलडोजर क्या बाराबंकी के शुक्लन पुरवा के मजरे हथौधा गांव में घूर गड्ढा एवं खलिहान की गाटा संख्या २७५, २७६ की करोड़ो की सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के घर बाबा का बुलडोजर चलेगा या नहीं कब होगी इन पर बाबा की टेढ़ी नजर। आगे और भी कई खुलासे होंगे तबतक हमें इन्तजार करना होगा। इन सरकारी जमीन पर किसके किसके बने हैं मकान और जमीन पर कब्जा किन लोगों की मिली भगत से हुआ है। खैर जब ये जानकारी लेने के लिए समाचार की टीम ने लेखपाल गायत्री जैसवाल के मोबाईल पर बातकर सच्चाई का पता लगाना चाहा तो उनका मोबाईल स्विच ऑफ बताता रहा। गौरतलब हो कि कुछ दिन पहले खाद गड्ढा हेतु सुरक्षित गाटा संख्या २७५, २७६ पर अवैध कब्जे की शिकायत एक स्थानीय निवासी परिवार ने की थी। जिससे गुस्साए लोगों ने स्थानीय निवासी मुकेश शुक्ला और उनके दोनों पुत्रों को जान से मारने लिए कानूनगो और लेखपाल के सामने जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। जिसमें इन लोगों ने अपनी सुरक्षा और बचाव किया..जिससे दूसरी पार्टी को भी कुछ हल्की चोटे आईं.. इस पूरे प्रकरण में लेखपाल और कानूनगो की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। आसपास से मिली जानकारी के अनुसार लेखपाल और कानूनगो की अवैध वसूली के स्रोत अवैध कब्जेदार ही हैं। सरकारी जमीन पर कब्जा लेखपाल और कानूनगो की जानकारी में और सेटिंग से है। अब देखना ये है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन लोगों के खिलाफ क्या कार्यवाही करते है।

# पारा में बदमाशों ने युवक को मारी गोली

लखनऊ। पारा कोतवाली क्षेत्र के आदर्श विहार के समीप गुरुवार को बदमाशों ने युवक को गोली मारकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया। घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घायल युवक कुलदीप मिश्रा (२६) शिवपुरी कलोनी के आदर्श विहार का ही रहने वाला है। घटना की जानकारी मिलते ही जेसीपी पीयूष मोर्डिया, डीसीपी दक्षिण, एडीसीपी दक्षिण समेत तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल घायल युवक का इरा मेडिकल कलेज में इलाज चल रहा है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। कुलदीप के परिजनों की शिकायत पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर लुटेरों की गिरफ्तारी में जुट गई है। मामले की जानकारी देते हुए डीसीपी दक्षिण राहुल राज ने बताया कि कुलदीप नमस्ते इंडिया में कलेक्शन मैनेजर का काम करता है। रोजमर्रा की तरह वह दुकानदारों से हिसाब–किताब के रुपये कलेक्ट करके घर वापस लौट रहा था। घर से महज २५० मीटर की दूरी पर बाइक सवार दो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और रुपयों से भरा बैग छीनने लगे। कुलदीप ने बाइक के पीछे बैठे युवक को पकड़ लिया और जमीन पर पटक दिया। इतने में बाइक चला रहे युवक ने कमर से तमंचा निकाल कर कुलदीप के सिर पर फायरिंग कर दी। गोली उसकी कनपटी के ठीक नीचे जबड़े को चीरते हुए पार हो गई। इसके बाद दोनों बदमाश बैग लेकर भाग निकले। कुलदीप के भाई संदीप ने बताया कि बैग में कलेक्शन के करीब ६०–७० हजार रुपये थे। एसीपी अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि जिस प्रकार से घटनाक्रम हुआ है, उससे अंदेशा है कि लुटेरे कुलदीप को पहले से जानते थे और उन्हें पता था कि कुलदीप किस समय कलेक्शन करके लौटता है। आरोपियों ने ठीक कुलदीप के घर से कुछ दूरी पर ही घटना को अंजाम दिया। फिलहाल घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, ताकि लुटेरों की पहचान की जा सके।

# राजू श्रीवास्तव के परिजनों से मिलेसी सीएम योगी


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर प्रसिद्ध हास्य



कलाकार स्वर्गीय राजू श्रीवास्तव के परिजनों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी ने उनके परिजनों के साथ राजू श्रीवास्तव के संस्मरण साझा किये। उनकी पत्नी शिखा श्रीवास्तव ने राजू श्रीवास्तव के कार्यों को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन के लिये निवेदन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके पुत्र और पुत्री से बात की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि राजू श्रीवास्तव का गंभीर बीमारी चलते पिछले दिनों निधन हो गया था। वह उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष भी रह चुके थे। देश के प्रसिद्ध हास्य कलाकारों में एक राजू श्रीवास्तव भाजपा से जुड़कर राजनीति भी करते थे।

## 'थैंक गॉड' का ट्रेलर रिलीज, विवादों के घेरे में है फिल्म

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म थैंक गॉड का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म थैंक गॉड में अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत की मुख्य




भूमिका है। ट्रेलर की शुरुआत अजय देवगन द्वारा सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक गेम खेलने से होती है और सिद्धार्थ द्वारा किए गए कुछ पापों की एक झलक दिखाई जाती है। इस दौरान अजय, सिद्धार्थ को सबक सिखाते भी नजर आए। गौरतलब है कि थैंक गॉड एक फंतासी कमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। फिल्म थैंक गॉड में अजय देवगन 'चित्रगुप्त' के किरदार में नजर आएंगे। टी सीरीज और मारुति इंटरनेशनल द्वारा निर्मित यह फिल्म २५ अक्टूबरको सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## स्वतंत्र वीर सावरकर में काम करेंगी अंकिता लोखांडे

मुंबई। टीवी की जानीमानी अभिनेत्री अंकिता लोखांडे फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में काम करती नजर आएंगी। फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर में रणदीप हुड्डा की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म वीर सावरकर के जीवन पर आधारित है। अंकिता स्वातंत्र वीर सावरकर में काम करती नजर आएंगी। अंकिता लोखांडे ने कहा कि मुझे ऐसे चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण किरदार निभाना पसंद है जो न केवल कहानी को आगे ले जाते हैं, बल्कि दर्शकों पर भी प्रभाव छोड़ते हैं. स्वातंत्र वीर सावरकर एक ऐसी कहानी है, जिसे बताने की जरूरत है और मैं इससे जुड़कर खुश हूं।गौरतलब है कि 'स्वातंत्र वीर सावरकर' का निर्देशन रणदीप हुड्डा कर रहे हैं। इस फिल्म की अवधारणा संदीप सिंह ने की है, और इसे उत्कर्ष नैथानी और रणदीप हुड्डा ने लिखा है। फिल्म का निर्माण आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स और लीजेंड स्टूडियो, निर्माता आनंद पंडित, संदीप सिंह और सैम खान कर रहे हैं।



हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक